# सत्येंद्र नाथ बसु राष्ट्रीय मौलिक विज्ञान केंद्र

ब्लॉक -जे.डी, सेक्टर-III, साल्टलेक कोलकाता -700106

**वेबसाइट : www.bose.res.in**

## विज्ञापन

सं: एसएनबी/विज्ञापन/24-25/003 5 अक्टूबर, 2024

सत्येद्र नाथ बसु राष्ट्रीय मौलिक विज्ञान केंद्र , विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग , भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित एक स्वायत्त संगठन, **'अतिथि भवन सहायक' (गेस्ट हाउस असिस्टेंट) - 1** पद के लिए लेवल-2 के पे मैट्रिक्स(रु. 19,900 - 63,200) सातवें सीपीसी के साथ नियमित आधार पर भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है। प्रारंभ में वेतन की कुल सकल परिलब्धियां ( 7वें सीपीसी के अनुसार) रु. 37, 248/- प्रति माह है।

**शैक्षिक योग्यताः** किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से 12वीं पास, कम्प्यूटर की जानकारी अनिवार्य।

**वांछनीय:** किसी भी विषय से स्नातक।

**अनुभव:** सभी प्रकार के सामान्य लिपिकीय कार्यों को निपटाने में सक्षम होना चाहिए । पत्रों का प्रारूप तैयार करना, कार्यालय स्थापना कार्य, फाइलिंग और संदर्भ कार्य, बैठकों की कार्यवाही, कार्यालय प्रबंधन, स्वतंत्र रूप से कार्यालय को संभालना आदि। उम्मीदवार के पास अच्छा संचार कौशल (अंग्रेजी और हिंदी दोनों में पढ़ने और लिखने की योग्यता) होना चाहिए। कंप्यूटर संचालन और वेब-आधारित ऑन-लाइन डेटा प्रोसेसिंग की भी जानकारी होनी चाहिए।

**आयु सीमाः** 18 से 25 वर्ष। नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि को 25 वर्ष से आधिक नहीं होनी चाहिए। भरे हुए आवेदन पत्र की प्राप्ति की अंतिम तिथि को आयु सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**सामान्य अनुदेशः**

1. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / शारीरिक विकलांग / भूतपूर्व सैनिक के लिए आयु में छूट भारत सरकार के नियमों के अनुसार होगी।
2. केंद्र, जमा किए गए आवेदनों के आधार पर उम्मीदवारों को शॉ र्टलिस्ट कर सकता है। हालांकि, निर्धारित आवश्यक योग्यता / अनुभव इंगित करता है कि यह न्यूनतम है और केवल उसी का होना उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किए जाने का हकदार नहीं होगा। इस मामले में केंद्र का निर्णय अंतिम होगा।
3. शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को कौशल-सह-योग्यता परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा।
4. यदि शॉर्टलिस्ट किया जाता है, तो उम्मीदवारों को अपना अंतिम वेतन प्रमाण पत्र लाना होगा।

आवेदन पत्र विधिवत अग्रेषित और कार्यालय प्रमुख द्वारा हस्ताक्षरित होकर साथ भेजे गए सभी प्रासंगिक प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रतियों और नवीनतम पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ के साथ **रजिस्ट्रार, एस.एन बोस नेशनल सेंटर फॉर बेसिक साइंसेज, ब्लॉक जेडी,सेक्टर-III, साल्टलेक, कोलकाता-700106 को 25 अक्टूबर 2024 (शुक्रवार) के भीतर भेजा जाना चाहिए।** लिफाफे के ऊपर **'अतिथि भवन सहायक'** (**गेस्ट हाउस असिस्टेंट)** का पद के लिए आवेदन लिखा होना चाहिए।

आवेदक आवेदन की अग्रिम प्रति भेज सकता है।

अपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे।

केंद्र के वेबसाइट से निर्धारित आवेदन पत्र और विज्ञापन का विवरण डाउनलोड किया जा सकता है।
http://newweb.bose.res.in/InfoAnnouncemnents/JobOpendings.jsp.

**कुलसचिव**